## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंवला नवमी पर पर्यटन स्थलों में होगा लोगों का जमावड़ा

रायगढ़। आंवली नमवी पर पूजा-अर्चना के बाद वनभोज की परंपराहै। इस बार आंवला नवमी शनिवार को रहा है, वही चुनावी वर्ष भी है जिससे पिकनिक स्पाट में लोगों की भीड़ रोज उमड़ रही है। अलग-अलग स्थानों से जिले भर के पर्यटन स्थल में वन भोज का लुप्त उठा रहे है। आवंला नवमी पर शहरवासी अपनों परिजनों के साथ पिकनिक स्पाट का रुख करते है। वहीं आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना करने के बाद पार्क व अन्य स्थानों पर खुद से खाना बना कर वनभोज का लुत्फ उठाया जाता है। जिससे शहर के इंदिरा विहार, रोज गार्डन, रामझरना, जुर्डा का इको पार्क, पंडरीपानी व अन्य पिकनिक स्पाट पूरे दिन गुलजार रहता है। वहीं इस बार भी इन पिकनिक स्पाट में लोगो की काफी चहलकदमी की उम्मीद जताई जा रही है। इन सभी के मद्देनजर पर्यटन स्थलों में फैली अव्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद में विभाग जुट गया है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस बार भी लोगो को पिकनिक में किसी प्रकार की विघ्न नही आने की दावा कर रहे है।

### दरवाजे में था करेंट से ग्रामीण की मौत

रायगढ़। जूटमिल चौकी क्षेत्र के ग्राम गोहड़ीडीपा दरवाजा में धारा प्रवाहित होने से चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की तफ्तीश में जुट गई है। संजय सारथी पिता संतोष सारथी उम्र 23 वर्ष सुबह काम करने रोजना की तरह जा रहा था। इस बीच वह दरवाजा खोलने गया जहां खुले में धारा प्रवाहित होने से लोहे के दरवाजे में फैल गया। वही जैसे ही ग्रामीण युवक ने दरवाजा खोला तो करेंट की गिरफ्त में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीण की मौत के बाद गांव में मातम छा गया है।

### 640 वाहनों में 1467 केंद्रों तक पहुंचेगा मतदान दल

रायगढ़। जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र रायगढ़, धरमजयगढ़ खरसिया, लैलूंगा, व सारंगढ़ में 20 तारीख को वोटिंग है। जिले के 1467 से अधिक मतदान केंद्र में कर्मचारियों को पहुंचाने के लिए 500 अधिक से वाहनों की जरूरत है लेकिन रायगढ़ आरटीओ विभाग को वाहन नहीं मिल रहे हैं। यही कारण है कि वाहनों के लिए आरटीओ को अब दूसरे जिले पर निर्भर होना पड़ रहा है। जहां आपसी सामंजस्य से वाहनो को अधिग्रहित किया जा रहा है। वही स्कूल व कम्पनी में चलने के वाली बसों को भी कब्जे में लिया जा रहा है।

### छात्रों ने स्कूल में कर दी तालाबंदी, प्रिंसीपल को हटाने की मांग

रायगढ़। धरमजयगढ़ के ठाकुरपोड़ी हाईस्कूल में शुक्रवार को छात्रों ने तालाबंदी कर दी। प्रिंसीपल की हरकतों से छात्राओं की निजता का हनन होने एवं अन्य शिकायतों के कारण उन्हें हटाने की मांग को लेकर छात्रों ने प्रदर्शन किया। जिससे स्कूल स्टाफ को भी बैरंग लौटना पड़ा। चुनाव सीजन में जहां एक ओर ग्रामीणों द्वारा मांगों के लिए मतदान का बहिष्कार किया जा रहा है तो वहीं धरमजयगढ़ में स्कूली छात्रों ने ही अपने स्कूल का बायकाट कर दिया है।

## जनशताब्दी - गोंडवाना को बेलपहाड़ से चलाने की मांग

रायगढ़। विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को बेलपहाड़ रेल विकास कमेटी व बेलपहाड़ नागरिक मंच के नेतृत्व में बेलपहाड़ रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन कर दिया । हावड़ा - मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर सुबह 10 बजे से 2. 30 बजे तक उक्त मार्ग में ट्रेनों का परिचालन बंद रहा। आलम यह रहा कि 5 घंटे से भी अधिक समय तक दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिए थम गए। आंदोलन से अप एवं डाउन लाइन की कई महत्वपूर्ण ट्रेनें राउरकेला एवं झारसुगुड़ा एवं रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच खड़ी रही। कई ट्रेनों को वापस भेजे जाने की बात सामने आई है।

आंदोलनकारियों बेलपहाड़ रेलवे स्टेशन में साउथ बिहार एक्सप्रेस का ठहराव, रात को हावड़ा की ओर से जाने वाली आजाद हिंद व मुंबई मेल का ठहराव। गोंडवाना एक्सप्रेस, जनशताब्दी का परिचालन बेलपहाड़ से किये जाने की प्रमुख मांग है। बेलपहाड़

नागरिक मंच के आंदोलन से साउथ बिहार को रायगढ़ स्टेशन में खड़े कर दिया गया। वही एलएलटी सहित अन्य पैसेंजर ट्रेन घन्टो विलंब हो गई । इन सभी के बीच ट्रेनों की चाल बिगड़ने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ गया। आलम यह रहा कि सीनियर डीसीएम को मौके पर आना पड़ गया। बहरहाल काफी समझाइश के बाद आंदोलन समाप्त हुआ तब कही जाकर रेल प्रशासन व आम अलग अलग स्टेशन में फंसे यात्री राहत की सांस लिए। विदित है कि इन आंदोलन कारियों द्वारा पूर्व में भी ट्रेनों के ठहराव को लेकर आंदोलन कर चुके है।

**29 को होगी जीएम के साथ बैठक**

बेलपहाड़ से तीन गोंडवाना व जनशताब्दी के साथ साथ साउथ बिहार एक्सप्रेस की ठहराव को लेकर की गई आंदोलन से जहां दर्जन भर ट्रेन का परिचालन बिगड़ गया । वही यात्रियों को भी कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ गया।

इन सभी समस्याओं व स्थानीय लोगो की मांग पर 29 नवम्बर को जीएम के साथ अधिकारियों की बैठक होने की बात कही गई है। वही आंदोलनकारियों ने बताया कि अगर ट्रेन का ठहराव नही होता है तो आने वाले दिनों उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**और मौके पर आए सीनियर डीसीएम**

सुबह लगभग 10 बजे से बेलपहाड़ नागरिक मंच ने स्थानीय लोगो को समस्याओं के मद्देनजर यह आंदोलन किया गया।

## जन सामान्य को सुरक्षा का बोध कराने का संदेश देने के लिए सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया

रायगढ़। राज्य में द्वितीय चरण के लिए मतदान 20 नवम्बर को होना है। जिले में चुनाव कार्य सम्पन्न कराने के लिये अर्द्धसैनिक बलों की 36 कम्पनियां आयी हुई हैं, उपलब्ध अर्द्धसैनिक बल व जिले की स्थानीय पुलिस मिलकर जिले में शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराया जावेगा। बाहर राज्यों से आये इन अर्द्धसैनिक बलों की कम्पनियों को जिले के सभी अनुविभागों में ठहराया गया है। चुनावी सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के दिशा निर्देशन पर 15 नवम्बर से जिले के थानाक्षेत्रों में अर्द्धसैनिक बल व थाना स्टाफ मिलकर अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। 15 नवम्बर को धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना धरमजयगढ़ व घरघोड़ा में स्थानीय पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने मिलकर फ्लेग मार्च किया। 16 नवम्बर को रायगढ़ मुख्यालय में सुबह नगर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में थाना कोतवाली, कोतरारोड़, चक्रधरनगर, चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर शहर के कई स्थानों में पैदल फ्लेग मार्च किया गया। वहीं खरसिया, सारंगढ़, लैलूंगा क्षेत्र में भी स्थानीय पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के द्वारा फ्लेग मार्च किया गया है। फ्लेग मार्च दौरान पुलिस अधिकरियों द्वारा लोगों से अपील किया गया कि मतदान के दिन शांति बनाए रखने तथा बूथों के आसपास अनावश्यक भीड़ भाड़ न करें। चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का खुफिया तंत्र सक्रिय है, चुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सारंगढ़ तहसीलदार द्वारा चुनाव के दौरान लगातार की जा रही धरपकड़

सारंगढ़। इन दिनों छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर जगह-जगह लोभन प्रतिलोभन (सेविंग किट, मोटरसाइकिल, स्टील का ड्रम शराब साड़ी, कंबल) मतदाताओं को लुभाने के लिए सत्ता पार्टी द्वारा सत्ता का धौस दिखाते हुए लगातार किया जा रहा जिसका असर अब सारंगढ़ विधानसभा में भी देखने को मिल रहा है जो आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन को लेकर मुखबिरों की सूचना पर सारंगढ़ तहसीलदार द्वारा आज 5 लाख 16 हजार 4 सौ रूपये सारंगढ़ हृदय स्थल के राधा कुंज नामक लॉज में कक्ष क्रमांक 2 से पकड़ा गया है तथा वहीं कल रात 10 बजे मुखबिर के सूचना मिलते ही सारंगढ़ तहसीलदार साहू के द्वारा अपने पूरे टीम के साथ टीमरलगा निवासी जय पटेल भाजपा कार्यकर्ता के घर पर दबिश दिया गया, जहां जय पटेल के घर से 115 पाव देसी शराब जप्त किया गया और आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहा है सूत्रों की मानें तो गरीब तप के लोगों को 25 से 30 पाव के साथ पकड़ाए जाने पर सीधा जेल की कार्यवाही की जाती है और आज आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाउजूद भी 115 पाव देशी शराब पकड़े जाने पर सिर्फ लीपा पोती करते नजर आ रही है आबकारी विभाग। तहसीलदार साहू के सक्रियता से जगह-जगह शराब की छापेमार कार्यवाही लगातार हो रही है। इस पूरे कार्यवाही में सारंगढ़ तहसीलदार प्रकाश साहू, कमलावती सिंह, आबकारी दरोगा बंजारे, आरक्षक अखिलेश कुशवाहा आदि स्टॉफ मौजूद रहे।

## 2 कार्टून में भरा 103 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

रायगढ़। 16 नवम्बर के सुबह पुलिस चौकी जोबी प्रभारी उप निरीक्षक रविचंद पैंकरा व स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर अवैध शराब की कार्यवाही के लिये ग्राम मीनगाँव के बाहर जंगल किनारे रोड पर नाकाबंदी किया गया, सुबह करीब 04.30 बजे खड़गांव तरफ से एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति पहुंचे जिन्हे रोक कर चेक करने पर मोटर सायकल में पीछे बैठा व्यक्ति कार्टन में 180 एमएल वाली अंग्रेजी शराब की बोतले रखा हुआ था जिनसे नाम पूछने पर मोटर सायकल के चालक ने अपना नाम कृष्ण लाल यादव तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राकेश गबेल दोनों निवासी मीनगांव के रहने वाले हैं बताये जिनके पास से 02 कार्टून में 103 पाव गोवा अंग्रेजी शराब एवं एक प्लेटीना मोटर सायकल क्र. सीजी 13 एफ-6597 जप्त किया गया है। शराब परिवहन

कर रहे आरोपी (1) राकेश गबेल एस/ओ राजकुमार गबेल उम्र 30 साल (2) कृष्ण लाल यादव एस/ओ हरियर यादव उम्र 32 साल साकिनान मीनगांव के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 818/18 धारा 34 (1) (क), 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### 5773 कर्मचारियों ने किया डाक मतपत्र के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग

रायगढ़। रायगढ़ जिले में कार्यरत रायगढ़ जिले के मतदाता कर्मचारी जिनकी निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है जिनमें वाहन चालक, होमगार्ड, पुलिस विभाग, अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित कुल 5773 कर्मचारियों ने अब तक सुविधा केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## आम सूचना

**रायगढ़। 9-7-2010 कुन्जेमुरा जिंदल पावर की जनसुनवाई में रमेश अग्रवाल, हरिहर पटेल एवं राजेश त्रिपाठी के ऊपर अपराध दर्ज किया गया जिसका केश क्रमाक 115/10 धारा 500, 501, 502, 503, 504, 505, 506, 294, 34, 35 के तहत ममला दर्ज हैं जो आज दिनांक 105/18 जेएमएफसी रायगढ़ में विचाराधीन हैं उक्त मामलें मे जनसुनवाई दिनांक के एक दिन पहले जिंदल कंपनी के द्वारा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को धमकी दी गई थीं जिसकी हमारे लोगों द्वारा विरोध की गई थी जिसके कारण जिंदल के अधिकारी राजेश तंवर द्वारा एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।**

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का महत्वपूर्ण उद्धेश्य में पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक श्री लीमन हडवाईकर श्री तथागत मौवातल (प्रतिष्ठित, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्शल कोर्ड के सदस्यों कुन श्री.बी.वर्मा, श्रीमती रेवेका मौवातल, श्रीमती रजनी राकुन्ते एवं अन्य ने शासन को परामर्श प्रदान किया, और साथ कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा भ्रष्टाचार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न माननीयों एवं पद पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। तथ्य की, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सम में लेकर बेसहारा, गरीब, परिवाजा, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा माननीयाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ सामरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा प्राधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संस्थानों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत विधिक सहायता की व्यवस्था उपलब्धतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्याप्तरूप संरक्षण एवं पर्याप्तरूप सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तौकनिक रीति से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में संचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित को परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न माननीयों पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सहायता सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सोशियोल लिखा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समाज उद्देश्यों वाली प्रोफेशनल, राष्ट्रीय, सरकारी तथा कैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

**Public Notice**

Criminal cases pending against me.

1. FIR No. Nil Thana Punjpathara, Case No. 104/2018 Sec. 182 IPC JMFC Court, Raigarh
2. FIR No. 115/2010, Thana Tamnar Case No. 105/2018 Sec. 500 to 506, 294, 34, 35 IPC JMFC Court, Raigarh

Ramesh Kumar Agrawal
Candidate Kharsia-18
District Raigarh

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल- nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931